प्रथम प्रकाशन: अक्टूबर 2022
संस्करण: 1.4
समीक्षा तिथि: 26 नवंबर 2025
दस्तावेज़ का प्रकार: नीति
दायरा: वैश्विक

DONCASTERS

# वैश्विक कार्पोरेटआपराधिक जुर्म संबंधी नीति

## नीति का नाम

वैश्विक कार्पोरेट आपराधिक जुर्म संबंधी नीति

## उद्देश्य

यह नीति Doncasters की अपने सभी कारोबार नेकनीयत और नैतिक तरीके से चलाने के लिए उसकी प्रतिबद्धता की रुपरेखा तैयार करती है। Doncasters टैक्स-चोरी हेतु शून्य-सहिष्णुता दृष्टिकोण (किसी भी नियम का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा) अपनाती है और अपने सभी कारोबारी लेन-देन और संबंध, जहां भी यह कार्य करते हैं, में पेशेवर तौर पर, निष्पक्ष तौर पर और सत्यनिष्ठा के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और टैक्स-चोरी का मुकाबला करने के लिए प्रभावी प्रणालियों को लागू करने और लागू करने हेतु बाध्य करती है। टैक्स-चोरी का मुकाबला करने हेतु Doncasters सभी प्रासंगिक कानूनों, इसमें यूके आपराधिक वित्त अधिनियम 2017 भी शामिल है, का पालन करेगी।

## लक्ष्य

इस नीति कालक्ष्य:

- हमारे सभी कारोबारी लेन-देन कानूनी दायरे के भीतर हैं और हम किसी भी परिस्थिति में हम टैक्स-चोरी करने की सुगमता नहीं देते, इसे सुनिश्चित करने के लिए अपनी ज़िम्मेदारियां निर्धारित करना; तथा
- टैक्स-चोरी का कैसे पता लगाएं तथा उससे बचने संबंधी जानकारी और मार्गदर्शन उपलब्ध कराना।

यह नीति एक वैश्विक न्यूनतम  मानक है।

जहां स्थानीय कानूनों में उच्च मानक स्थापित किए गए हैं, Doncasters की संस्थाएं उन मानकों का पालन करेंगी।

हमारी आचार-संहिता में निर्धारित किए गए अनुसार, Doncasters जिस देश में भी कार्य करती है, वहां के स्थानीय कानूनों का पालन करती है।

## दर्शक/श्रोता

यह नीशवत Doncasters Group केअधीनस्थ सभी कंपर्शवनयों पर्र लागू होती है, शवजसर DPC Holdings Limited केसंचालन शवनयं  रण केअंतर्गत कार्य करने वाली सभी कंपर्शवनयां शाशवम्ल हैं। यह Doncasters केसभी कर्मचारियों, सलाहकारों और Doncasters केसाथ कामकरने वाले अनय पर्क्ष  ों पर्र लागू होती है। श्वनम्नश्वलस्रिख स्तार्वेर्रिं, Doncasters Group यूश्वनट को “Doncasters” या “कं पर्नी” के ाैरि पर्र एक-रू सरे के थथान पर्र संश्वर्भमि श्वकय

Doncasters यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इसके हितधारक, जिनमें आपूर्तिकर्ता, सलाहकार और परामर्शदाता आदि शामिल हैं, इस नीति में निर्धारित सिद्धांतों की मर्यादा बनाए रखते हैं और अपने कार्यों में इसी तरह की नीतियां अपनाते हैं।

| इस नीति में शामिल है... |
|---|
| 1. परिभाषाएं<br>2. यूके आपराधिक वित्त अधिनियम 2017(“अधिनियम”)<br>3. कानून हेतु Doncasters की प्रतिक्रिया<br>4. जारी निगरानी<br>5. रिपोर्टिंग टूल्स<br>6. बदले की कार्रवाई के विरुद्ध गोपनीयता और संरक्षण |
| **गोपनीयता स्थिति** |
| सार्वजनिक |
| **स्थानीय अनुकूलन प्राधिकार** |
| हां, यदि अधिक अवरोधक हो |
| **दस्तावेज़ मालिक** |
| कानून, अनुपालन और जोखिम |
| **दस्तावेज़ समीक्षक** |
| कार्यकारी |
| **दस्तावेज़ अनुमोदक** |
| निदेशक मंडल |
| **भूमिका** |
| ***“Doncasters में हम नेकनीयत और जवाबदेही के उच्चतम मानकों सहित एक खुली संस्कृति (वृद्धि की प्रक्रिया में सभी को शामिल करना, प्रेरित करना और जोड़ना) बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम टैक्स-चोरी और टैक्स-चोरी की सुगमता के लिए शून्य-सहिष्णुता दृष्टिकोण अपनाते हैं”***<br>*माइक क्विन (Mike Quinn), CEO* |

Doncasters हमारी आचार-संहिता और हमारे मूल्यों के अनुरूप नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों का सम्मान करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह नीति टैक्स-चोरी या टैक्स-चोरी की सुगमता हेतु Doncasters के शून्य-सहिष्णुता दृष्टिकोण की रूपरेखा तैयार करती है, भले ही टैक्स-चोरी, चाहे यूनाइटेड किंगडम में या किसी बाहरी देश में बकाया हो और यह टैक्स-चोरी इसके लिए या इसकी ओर से काम करने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों, एजेंटों या सलाहकारों या किसी भी व्यक्ति या कंपनियों द्वारा की जाती हो।

टैक्स-चोरी की सुगमता एक आपराधिक जुर्म है। यदि लगता है कि Doncasters टैक्स-चोरी की सुगमता में संलिप्त है, तो Doncasters पर असीमित जुर्माना लगाया जा सकता है, सार्वजनिक ठेकों हेतु निविदा से बाहर रखा जा सकता है और इसकी साख़ को बहुत अधिक नुकसान पहुंच सकता है। यदि कोई व्यक्ति टैक्स-चोरी की सुगमता में संलिप्त पाया जाता है, तो उसे जुर्माने या कारावास का सामना करना पड़ सकता है।

कृपया ध्यान दें कि यह नीति अनिवार्य तौर पर तकनीकी है, क्योंकि इसके दायरे में कानून का एक बहुत विशिष्ट क्षेत्र आता है, यदि आपको अपने दायित्वों के बारे में कोई संदेह है, तो कृपया कानूनी टीम या टैक्स संबंधी टीम से बेझिझक संपर्क करें।

Doncasters की टैक्स-चोरी के उपायों की सुगमता-विरोधी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि टैक्स-चोरी रोकने में मदद करने हेतु सभी लोग अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

| 1. परिभाषाएं | |
|---|---|
| **संबद्ध व्यक्ति** | इसका मतलब है कि सुगमता होने पर एक व्यक्ति या संस्था करदाता के लिए या उसकी ओर से सेवाएं प्रदान कर रही है। इसमें अन्य लोगों के साथ ही कर्मचारी, उप-ठेकेदार, सलाहकार, एजेंट और आपूर्तिकर्ता शामिल हो सकते हैं। |
| **विदेशी टैक्स- चोरी** | इसका मतलब, विदेश में टैक्स-चोरी करना है। यह आचरण विदेश में एक अपराध ज़रूर होना चाहिए और यूके में ऐसा किए जाने पर एक आपराधिक जुर्म होना चाहिए। जैसा कि टैक्स-चोरी के साथ होता है, धोखाधड़ी का मतलब है कि कार्रवाई जान-बूझकर की गई होनी चाहिए या यह चूक बदनीयत इरादे से की गई होनी चाहिए। |
| **टैक्स-चोरी** | इसका मतलब है कि यह सार्वजनिक राजस्व के साथ धोखा करने या धोखाधड़ी से टैक्स-चोरी करने का आपराधिक जुर्म है। यूके में, अपराध करने के लिए धोखाधड़ी करनी पड़ती है, जिसका मतलब है कि कार्रवाई जान-बूझकर की गई होनी चाहिए या यह चूक बदनीयत इरादे से की गई होनी चाहिए। |
| **टैक्स-चोरी कीसुगमता** | इसका मतलब, किसी अन्य व्यक्ति या संस्था द्वारा धोखाधड़ी से की गई टैक्स-चोरी (भले ही वह टैक्स किसी भी देश में देय हो) में जान-बूझकर शामिल होना या उसके लिए कार्रवाई करना है। इसमें उस अपराध में सहायता करना, उसको बढ़ावा देना, परामर्श देना या कमीशन लेना शामिल है। यूके में, टैक्स-चोरी की सुगमता एक आपराधिक जुर्म है, जब यह जुर्म जान-बूझकर और बेईमानी से किया गया हो। |

## 2. यूके आपराधिक वित्त अधिनियम 2017(“अधिनियम”)

### अपराध

30 सितंबर, 2017 से लागू आपराधिक वित्तअधिनियम2017 ने यूके टैक्स-चोरी की सुगमता और विदेशी टैक्स-चोरी की सुगमता के दो नए आपराधिक जुर्म प्रस्तुत किए हैं। इस प्रकार के अपराध सभी कॉर्पोरेट संस्थाओं को ही निशाना नहीं बनाते, बल्कि भागीदारी और धर्मार्थ कार्य संस्थानओं को भी नहीं छोड़ते। यदि ऐसी कोई भी संस्था अपने 'संबद्ध व्यक्तियों', व्यापक तौर पर, संस्था के लिए या उसकी ओर से कार्य करने वाले किसी भी व्यक्ति को यूके या विदेशी टैक्स चोरी की सुगमता देने से रोकने में विफल रहती है, तो उस पर कॉर्पोरेट आपराधिक जुर्म (CCO) नियम लागू होते हैं।

तीन पड़ाव हैं, जो घरेलू और विदेशी टैक्स चोरी, दोनों से संबंधित सुगमता अपराधों पर लागू होते हैं:

- पड़ाव एक: किसी व्यक्ति या कॉर्पोरेट करदाता द्वारा आपराधिक टैक्स चोरी;
- पड़ाव दो: संबद्ध व्यक्ति द्वारा इस प्रकार की टैक्स-चोरी से जुड़े अपराध के लिए, जान-बूझकर किए जाने वाले या बेईमान आचरण की आवश्यकता वाली आपराधिक सुगमता;
- पड़ाव तीन: करदाता संबद्ध व्यक्ति (एकल मालिक/भागीदार/अधिकारी/निदेशक/सदस्य फ़र्म का शाखा प्रबंधक या एक सा कार्य व एक सी स्थिति रखने वाला व्यक्ति) को पड़ाव दो में आपराधिक कार्य करने से रोकने में विफल रहा।

**रक्षा (बचाव)**

CCO नियमों के अंतर्गत Doncasters का एकमात्र बचाव यह प्रदर्शित करना है कि सुगमता के अवसर रोकने हेतु उसकी रोकथाम प्रक्रियाएं उपयुक्त हैं। यदि मुकदमा चलाया गया, तो कॉर्पोरेट संस्थाओं के लिए दंड बहुत कठोर हैं।

हम उपयुक्त प्रशिक्षण और निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने, सहित उचित रोकथाम संबंधी प्रक्रियाएं लागू करने हेतु जोखिम का नियमित तौर पर आकलन करते रहते हैं। इसके साथ ही, जहाँ तक उपयुक्त समझा जाएगा, वहाँ तक समूचे कारोबार में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

हम HMRC के छह मार्गदर्शक सिद्धांतों का पालनकरते हैं:

1. जोखिम संबंधी आकलन
   Doncasters से जुड़े पक्षों और अधिनियम के तहत संभावित जोखिमों की पहचान करने हेतु, Doncasters एक प्रतिष्ठित तीसरे पक्ष सलाहकार से जोखिम का समयबद्ध आकलन कराने की ज़िम्मेदारी लेगी।
2. समानुपातिक रोकथाम प्रक्रियाएं
   आपराधिक रूप से टैक्स चोरी को संबद्ध व्यक्तियों के लिए सुगम बनाने से रोकने हेतु उचित प्रक्रियाएं अपनाई जाएगी। ये प्रक्रियाएं नीचे दी गई हैं।
3. वरिष्ठ प्रबंधन की ओर सेप्रतिबद्धता

टैक्स-चोरी हेतु शून्य-सहिष्णुता के अपने दृष्टिकोण को हमारे कारोबारी संबंध की शुरुआत होने और उसके बाद उपयुक्त तौर पर सभी संबद्ध पक्षों को ज़रूर सूचित किया जाना चाहिए।

4. यथोचित परिश्रम
   प्रक्रियाओं की समीक्षा की जाएगी और तीसरे पक्ष के सलाहकारों के साथ काम करते समय, सामने आने वाले पहलुओं पर निरंतर समीक्षा और सुधार-प्रक्रिया के अंतर्गत कार्रवाईकी जाएगी। Doncasters वित्तीय नियंत्रण को बहुत गंभीरता से लेती है और उसने SharePoint पर पाई जाने वाली कई नीतियों और प्रक्रियाओं को अपनाया है।
5. संचार और प्रशिक्षण प्रबंधन निम्नलिखित को

   सुनिश्चित करेगा:

   - सभी मौजूदा कर्मचारी इस नीति को पढ़ते और समझते हैं
   - इस नीति संबंधी प्रशिक्षण Doncasters के लिए काम करने वाले सभी व्यक्तियों के लिए शुरुआती प्रक्रिया का हिस्सा है और आवश्यकतानुसार नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा।
6. निगरानी औरसमीक्षा
   Doncasters समयबद्ध जोखिम आकलन कराएगी और उन समीक्षाओं के आधार पर उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी। इस नीति के अनुपालन की निगरानी भी की जाएगी।

**संभावित जोखिम संबंधी घटनाओं का क्रम: ख़तरे की चेतावनी**

नीचे ऐसे संभावित ख़तरों की चेतावनी सूची दी गई है, जो Doncasters के लिए काम करते समय सामने आ सकते हैं और जिनके कारण टैक्स-चोरी या विदेशी टैक्स-चोरी संबंधित चिंताएं बढ़ सकती हैं। यह सूची संपूर्ण नहीं है और यह केवल व्याख्या के उद्देश्यों हेतु ही है। नीचे दिए गए रिपोर्टिंग टूल्स अनुभाग के अनुसार किसी भी ख़तरे की सूचना तत्काल दी जानी चाहिए।

- कर्मचारी को पता चलता है कि किसी तीसरे पक्ष ने टैक्स संबंधी गलत बयान दिया है या ऐसा करने का उसका इरादा है।
- कर्मचारी को पता चलता है कि आपूर्तिकर्ता ने जान-बूझकर वैट (या यूके के किसी भी प्रासंगिक क्षेत्राधिकार से बाहर समकक्ष टैक्स) का पंजीकरण नहीं कराया या वैट हेतु खाता बनाने मेंविफल रहा है।
- एजेंट नकद में भुगतान किए जाने का अनुरोध करता है और/या एक औपचारिक कमीशन या शुल्क समझौते पर हस्ताक्षर करने या किए गए भुगतान के लिए चालान या रसीद देने से मना करता है।
- कर्मचारी को पता चलता है कि एक साथी कर्मचारी अपनी कार्य-स्थितियों में कोई भी महत्वपूर्ण बदलाव किए बिना यह कहता है कि उसे स्व-नियोजित ठेकेदार माना जाए।

- आपूर्तिकर्ता या किसी अन्य उप-ठेकेदार को शुद्ध भुगतान किया जाना चाहिए था, लेकिन उसे सकल भुगतान कियाजाता है।
- सलाहकार अनुरोध करता है कि भुगतान किसी ऐसे देश या भौगोलिक स्थान पर किया जाए, जो कि उस स्थान से भिन्न है, जहां तीसरा पक्ष रहता है या कारोबार करता है।
- आपूर्तिकर्ता या सलाहकार अनुरोध करता है कि उनका चालान किसी भिन्न संस्था के पते पर भेजाजाए।
- कर्मचारी को आपूर्तिकर्ता से चालान मिलता है, जिससे लगता है कि यह अमानक, विशेष कार्य के अनुसार संशोधित या इसमें कोई बदलाव किया गया है।
- एक तीसरा पक्ष साइड लेटर (साधन, जो मुख्य प्रिंसिपल अनुबंध का पूरक और सहायक है) का उपयोग किए जाने के लिए दबाव डालता है या सहमति वाली शर्तों को लिखित रूप देने से मना करता है या अनुबंध या अन्य दस्तावेज़ किसी पिछली तिथि में तैयार करने के लिए कहता है।
- कर्मचारी को यह बात पकड़ में आती है कि Doncasters को कमीशन या शुल्क भुगतान के लिए भेजा गया चालान, प्रदान की गई सेवा के अनुसार बहुत बड़ा या बहुत छोटाहै।
- तीसरा पक्ष ऐसे एजेंट, मध्यस्थ, सलाहकार, वितरक या आपूर्तिकर्ता की सेवाओं को अनुरोध करता है या उसे उनकी आवश्यकता है, जिसे आम तौर पर Doncasters द्वारा उपयोग नहीं किया जाता या उसे ज्ञात नहीं है और वर्ल्डचेक का उपयोग करके उसका परीक्षण नहीं किया गया है और उसकी कानूनी स्वीकृति नहीं है।

## उल्लंघन के परिणाम

टैक्स-चोरी और विदेशी टैक्स-चोरी की रोकथाम, पता लगाना और रिपोर्ट करना हमारे लिए या हमारे नियंत्रण में काम करने वाले सभी लोगों की ज़िम्मेदारी है। कर्मचारियों, सलाहकारों, और आपूर्तिकर्ताओं को इस नीति के उल्लंघन का कारण बनने या इसका उल्लंघन करने संबंधी सलाह देने वाली किसी भी गतिविधि से बचना ज़रूरी है।

इस नीति का उल्लंघन करने वाले किसी भी कर्मचारी को अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा, जिसके परिणामस्वरूप कदाचार या घोर कदाचार के लिए उसे बर्ख़ास्त किया जा सकता है। यदि Doncasters की ओर से काम करने वाले अन्य व्यक्ति और संगठन इस नीति का उल्लंघन करते हैं, तो कंपनी उनके साथ अपने संबंध समाप्त कर सकती है।

## 3. कानून हेतु DONCASTERS की प्रतिक्रिया

टैक्स-चोरी के सभी रूपों के प्रति हमारी शून्य-सहिष्णुता का मतलब है कि Doncasters सभी कर्मचारियों और Doncasters के लिए या उसकी ओर से काम करने वाले किसी भी व्यक्ति से उम्मीद करती है कि वह ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल न हो, जिसके द्वारा टैक्स-चोरी होती हो या कोई अन्य कंपनी या व्यक्ति टैक्स- चोरी को सुगम बनाता है या सुगम बना सकता है। इस बात से कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि टैक्स, ब्रिटेन के टैक्स हैं या किसी विदेशी वित्तीय प्राधिकरण की वजह से हैं।

इसके अलावा, जहां यह स्पष्ट हो जाता है कि तीसरा पक्ष एक-सी नीति का पालन नहीं करता, तो Doncasters उसके साथ कोई संबंध नहीं रखेगी। विशेष तौर पर Doncasters को उम्मीद है कि सभी कर्मचारी और संबद्ध व्यक्ति, जहां यह जोखिम हो सकता है कि वे यूके या किसी विदेशी देश में टैक्स-चोरी के लिए दूसरों को सुगमता प्रदान कर रहे हैं, संबंधी घटनाओं के किसी भी क्रम को पहचानने और रोकने के लिए कार्रवाई करने में सक्षम होंगे।

जहां भी टैक्स-चोरी या टैक्स-चोरी की सुगमता का संदेह हो, तो Doncasters पूछताछ और अंततः कारोबार में गिरावट का समर्थन करती है। मौजूदा कारोबारी संबंधों के मामले में कोई भी निर्णय लेने या Doncasters को लेनदेन हेतु प्रतिबद्ध करने से पहले भविष्य या मौजूदा कारोबार संबंधी संदेह के सभी मामलों के बारे में नीचे दिए गए रिपोर्टिंग टूल के अनुसार रिपोर्ट किया जाना चाहिए। Doncasters उम्मीद करती है कि इसके साथ काम करने वाले या इसके लिए काम करने वाले सभी पक्ष इसी तरह का मज़बूत दृष्टिकोण अपनाएंगे।

## 4. जारी निगरानी

यह सुनिश्चित करने के लिए कि Doncasters टैक्स-चोरी या टैक्स-चोरी की सुगमता के प्रति अपनी शून्य-सहिष्णुता हेतु प्रतिबद्ध है, वह अनुपालन की निगरानी के लिए प्रभावी व्यवस्थाबनाए रखेगी।

Doncasters के साथ उनके कारोबारी संबंधों की शुरुआत में और उसके बाद जैसा उपयुक्त हो, सभी आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों और कारोबारी भागीदारों को इस शून्य-सहिष्णुता के दृष्टिकोण के बारे में ज़रूर सूचित किया जाना चाहिए।

## 5. रिपोर्टिंग टूल्स

### प्रबंधन को रिपोर्ट करना

कोई भी कर्मचारी, जिसे संभावित टैक्स-चोरी या टैक्स-चोरी की सुगमता के बारे में कोई भी संदेह या चिंता है या उसे कुछ ऐसा करने के लिए कहा जाता है, जिससे उसे संदेह हो कि टैक्स-चोरी की सुगमता हो सकती है, तो चाहे जो भी राशि शामिल हो, उसे अपने लाइन प्रबंधक को रिपोर्टकरनी चाहिए।

### कानूनी और टैक्स कोरिपोर्ट करना

| |
|---|
| यदि कोई कर्मचारी संभावित टैक्स- चोरी या टैक्स-चोरी की सुगमता के बारे में अपने लाइन प्रबंधक के साथ चिंता व्यक्त करने में असहज महसूस करता है, तो वह इस मामले के बारे में कानूनी, वित्त या टैक्स संबंधी टीमों के सदस्य को रिपोर्ट कर सकता है। |
| **स्पीक अप के माध्यम से रिपोर्ट करना** |
| कर्मचारी स्पीक अप सेवा के माध्यम से भी इस नीति के उल्लंघन की रिपोर्ट करसकते हैं। |
| नेवैक्स कंपनी द्वारा स्पीक अप सेवा चलाई जाती है और यह एक बाहरी, स्वतंत्र रिपोर्टिंग सेवा है, जिसे कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा गुमनाम तौर पर कानून, हमारी आचार-संहिता, कॉर्पोरेट मूल्यों और संबंधित नीतियों या निर्देशों के किसी भी उल्लंघन की रिपोर्ट करने, जिसमें स्थानीय विनियमों का अनुपालन करना भी शामिल है, हेतु तैयार किया गया है।<br><br>संपर्क विवरण का ब्यौरा हमारी आचार-संहिता में, प्रत्येक साइट के आसपास लगे पोस्टरों पर, कर्मचारी ऐप पर और SharePoint पर मिल सकता है। |

| ऑनलाइनरिपोर्ट करें | फोन द्वारा रिपोर्ट करें |
|---|---|
| www.doncasters.ethicspoint.com | यूके से:<br>कॉल करें: 0800 890 011<br>(कहे जाने पर, डायल करें: 833 537 0829)<br><br>यूएसए से:<br>कॉल करें: 833-537-0829<br><br>जर्मनी से:<br>कॉल करें: 0800 225 5288<br>(कहे जाने पर, डायल करें: 833 537 0829)<br><br>भारत से:<br>कॉल करें: 000 800 050 3406<br><br>मैक्सिको से:<br>बाहरी कॉल्स केलिए, 800-288-2872 केबाद अपना स्थानीय एक्सेस कोड डायल करें।<br>रिवर्स चार्ज कॉलिंग - स्पेनिश: 800-112-2020<br>(कहे जाने पर, डायल करें: 833 537 0829)<br><br>चीनसे:<br>400 120 8504 |

## 6. बदले की कार्रवाई के विरुद्ध गोपनीयता और संरक्षण

Doncasters किसी भी ऐसे व्यक्ति, जो नेकनीयत से इस नीति के उल्लंघन की रिपोर्ट करता है या जांच में भाग लेता है, के विरुद्ध बदले की कार्रवाई किए जाने की सख़्त मनाही करती है, भले ही वह जांच अंततः उसकी चिंताओं को सिद्ध न कर पाई हो। बदनीयती, दुर्भावना या अन्यथा निंदापूर्ण रिपोर्ट (जैसे विशिष्ट व्यक्तियों को निशाना बनाकर किए गए झूठे व्यक्तिगत हमले) करने की मनाही है और इसके परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।